# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में होली के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है।

***हम सब आभारी हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जिन्होंने मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए इस अभियान को 2016 में प्रारंभ किया था। इस अभियान के क्रम में पूरे देश के अंदर 10 करोड़ परिवारों को फ्री में रसोई गैस के कनेक्शन मिले और उत्तर प्रदेश में यह लगभग 2 करोड लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। मुझे प्रसन्नता है कि पर्व और त्योहार आप अच्छे ढंग से मना सकें यह एक उपहार होली के पहले आप सबको उपलब्ध करवा रहे हैं।***

जौनपुर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इसके बाद राज्यमंत्री गिरीश चंद्र द्वारा उज्ज्वला लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इसी क्रम में कानपुर, शामली, आगरा, बस्ती, इटावा, अमरोहा, औरेया, उन्नाव और प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कर लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद जौनपुर के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव के अंतर्गत प्रतिभागी कलाकारों को सम्मानित करने के साथ ही 1001 नव विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। श्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि धन के अभाव में अब किसी बिटिया के विवाह में कोई बाधा नहीं आएगी।

**मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि अभी तक हम लोग अपना देश में चार लाख मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की योजना के साथ शादी विवाह के कार्यक्रम को संपन्न कर चुके हैं बहनों और भाइयों यह चीज बताती हैं कि समाज की आवश्यकता थी कोई बेटी अनबिहाई ना रह जाए कोई मां–बाप दहेज के अभाव में अपनी बेटी को अनविहाई ना छोड़ने पाए इसके लिए जिम्मेदारी सरकार लेकर उसे बेटी का कन्यादान हम लोग करेंगे हम लोग उसे परिवार के साथ एक संबल बनाकर के खड़े रहेंगे।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री योगी कल शाम श्री श्री होलिका दहन उत्सव समिति पाण्डेहाता के द्वारा निकाली जाने वाली भक्त प्रहलाद की भव्य शोभा यात्रा में शामिल होंगे। इसके साथ ही अगले दिन सुबह होली के अवसर पर आरएसएस व होलिकोत्सव समिति की ओर से आयोजित होने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवान नरसिंह की आरती उतारने के साथ ही गुलाल व फूलों की होली खेलेंगे।

**********

प्रदेश भर में महापर्व होली को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इसे लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा शुरू न होने दी जाए। असामाजिक तत्वों की पहले से पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। पिछले वर्षों में होली से जुड़े विवादों और मामलों की समीक्षा कर उसके अनुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए।

**********

होली पर्व के उपलक्ष्य में यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने खास इंतजाम किए है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि 53 विशेष रेलगाड़ियां होली स्पेशल के रूप में चलाई गई है। उन्होंने कहा कि 139 रेलगाड़ियां जो विभिन्न जोनों से संबंधित है वे भी पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। उन्होंने बताया कि इन गाड़ियों में प्रत्येक श्रेणी के यात्री का ध्यान रखा गया है। ट्रेनों में 25 प्रतिशत एसी कोच जबकि 75 प्रतिशत नॉन एसी कोचों की व्यवस्था की गई है।

**********

वाराणसी में रंगों के पर्व होली पर जाति–धर्म के बंधन टूट गए हैं। आज लमही स्थित सुभाष भवन में मुस्लिम महिला फाउण्डेशन एवं विशाल भारत संस्थान की ओर से होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं ने अबीर गुलाल से जमकर होली खेली। वहीं हिन्दू समाज की महिलाओं ने उनका साथ देते हुए परम्परागत होली गीत गाए।

**********

मऊ के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पात्र लाभार्थियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आज 146 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मधुबन विधान सभा क्षेत्र से विधायक रामविलास चौहान ने चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********